शालेय खेल | बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले जीते

कैंपियन, कार्मल कॉन्वेंट, एसपीएस, ज्ञानगंगा, रेड क्लिफ और द संस्कार वैली फाइनल में

District Tournament

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

कैंपियन, कार्मल कॉन्वेंट, एसपीएस, ज्ञान गंगा, रेड क्लिफ और द संस्कार वैली की बालिका टीमों ने अपने-अपने आयु समूह के सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर जिला शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

वहीं ज्ञानगंगा, डीपीएस, द संस्कार वैली, बालभारती, जवाहर, मॉडल और अंकुर स्कूल बालक वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। तात्या टोपे स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट पर मंगलवार को बालिका वर्ग के सेमीफाइनल और बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। बालिकाओं के अंडर-14 सेमीफाइनल में कैंपियन स्कूल ने द संस्कार वैली को 2-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में कार्मल कॉन्वेंट ने ज्ञानगंगा को 2-1 से मात दी। वहीं अंडर-17 वर्ग में एसपीएस ने आनंद विहार को 2-0 से पराजित किया, जबकि ज्ञानगंगा ने द संस्कार वैली को 2-0 हराया। स्पर्धा के अंडर-19 में रेड क्लिफ ने बाल भवन को 2-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में द संस्कार वैली ने ज्ञान गंगा को 2-0 से पराजित किया।

परिणाम एक नजर में

क्वार्टर फाइनल अंडर-14 बालक: ज्ञानगंगा विवि डीएम कोएड 2-0, डीपीएस विवि एसपीएस 2-1, द संस्कार वैली विवि बाल भवन 2-1, बाल भवन विवि माइन स्टोन 2-0.

क्वार्टर फाइनल अंडर-17 बालक: जवाहर विवि एसपीएस 2-0, मॉडल विवि डीपीएस 2-0, द संस्कार वैली विवि कार्मल कॉन्वेंट 2-0, ज्ञानगंगा विवि आनंद विहार 2-0.

क्वार्टर फाइनल अंडर-19 बालक: अंकुर विवि बाल भवन 2-0, बाल भवन विवि जवाहर 2-0, द संस्कार वैली विवि आनंद विहार 2-0, ज्ञानगंगा विवि एसपीएस 2-1.